## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 22.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोटी भूटान के दो दिवसीय दौरे के बाद पहुंचे नई दिल्ली, कहा– भूटान के लिए भारत हमेशा एक विश्वसनीय मित्र और साझेदार बना रहेगा।
2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चतरा लोकसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, बूथों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं 27 मार्च तक उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।
3. राज्य सरकार के ऑफ्टर केयर योजना के तहत बाल गृहों में रहने वाले किशोरों को मिलेगा कौशल विकास का प्रशिक्षण, स्वरोजगार के लिए दी जाएगी वित्तीय सहायता।
4. वर्ल्ड अर्थ आवर डे आज, राज्यपाल ने लोगों से रात साढ़े आठ से साढ़े नौ बजे तक अपने घरों में पावर ऑफ कर ऊर्जा संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का किया आग्रह।
5. 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला चैंपियनशिप में आज कांस्य पदक के लिए झारखंड का मुकाबला मध्य प्रदेश से, पुणे में दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा मैच।

*******************

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री श्री टोबगे ने आज थिम्पू में भारत की सहायता से बनाए गए मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अस्पताल के उद्घाटन के पश्चात प्रधानंत्री श्री मोदी नई दिल्ली के लिए रवाना हो गये। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री टोबगे ने उन्हें हवाई अड्डे पर भावभीनी विदाई दी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी भूटान यात्रा से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। भूटान के लिए भारत हमेशा एक विश्वसनीय मित्र और साझेदार रहेगा।

*******************

चुनाव को लेकर सोलह मार्च से लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता के बाद दूसरे जिलों में योगदान करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को चुनावी ड्यूटी पर नहीं लगाया जाएगा। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर चुनाव कार्य से दूर रखे जाने वाले पुलिस पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा है।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमियों को सत्ताईस मार्च तक दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आज चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया में विभिन्न मतदान केंद्रों में उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के साथ मतदान केंद्र जागरुकता समूह के सदस्यों और मतदाता सूची का भी अवलोकन किया।

*******************

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था रिपोर्ट नहीं देने वाले ग्यारह थाना प्रभारियों को शो– कॉज जारी किया है। इन सभी से 48 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया है। इन सभी पर आदर्श आचार संहिता के दौरान वारंट तथा कुर्की के निष्पादन में शिथिलता बरतने का आरोप है। गौरतलब है कि एसएसपी ने सभी थाना प्रभारी को हर दिन की विधि व्यवस्था रिपोर्ट चुनाव कोषांग में भेजने का निर्देश दिया है।

*******************

रांची लोकसभा क्षेत्र के तहत हटिया के ग्यारह मतदान केन्द्रों के भवन के नाम में परिवर्तन करने के प्रस्ताव को उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने स्वीकृति दे दी है। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों के भवन के नाम परिवर्तन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर समेत अन्य प्रचार माध्यमों से करने का निर्देश दिया है।

*******************

चतरा जिले में निर्वाचन कार्यों में शामिल सरकारी कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पोस्टल बैलेट वोटिंग सेंटर बनाया जाएगा। जिले के उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गठित सभी उन्नीस कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक में इसकी जानकारी दी।

*******************

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक आज पार्टी मुख्यालय में होगी। बैठक में लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों पर विचार–विमर्श होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, राज्य चुनाव समितियों के सदस्य और पदाधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने राज्य सरकार द्वारा तृतीय संशोधन नियमावली को मंजूरी दिए जाने के बाद सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आवेदन की तारीख छह अप्रैल तक बढ़ा दी है। नए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए सहायक आचार्य के छब्बीस हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

*******************

राज्य सरकार के ऑफ्टर केयर योजना के तहत बाल गृहों में रहने वाले अठारह वर्ष से अधिक उम्र के किशोरों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना, कौशल विकास मिशन और झारखंड आजीविका मिशन जैसी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा उन्हें वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे स्वावलंबी बन सकें। इस दिशा में बार संरक्षण विभाग द्वारा प्रशिक्षण के लिए किशोरों की सूची बनाई जा रही है।

*******************

जामताड़ा जिले में वृक्षारोपण के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए विरासत वृक्ष अभियान चल रहा है।

*******************

झारखंड समेत पूरी दुनिया में आज अर्थ आवर डे मनाया जाएगा। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर अभियान के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण को लेकर यह यह दिवस 2007 से मनाया जा रहा है। इसके तहत लोगों से रात्रि साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक एक घंटे तक अपने घरों की बिजली बंद रखने का आह्वान किया गया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी अपने संदेश में राज्यवासियों से अपने–अपने घरों में अनावश्यक प्रकाश को बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का आग्रह किया है।

*******************

कोडरमा जिला खाद्य सुरक्षा विभाग होली, रामनवमी और ईद समेत अन्य त्योहारों को लेकर मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चला रही है। इस दौरान कई मिठाई दुकानों से मिठाई के सैंपल जांच के लिए गए हैं, वहीं, तिलैया बस्ती में बिना लाइसेंस के चल रहे एक प्रतिष्ठान को भी सील कर दिया गया है।

*******************

जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र स्थित भिलाई पहाड़ी में चल रहे अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा उत्पाद विभाग की टीम ने किया है। टीम ने यहां से लगभग छह सौ लीटर नकली शराब और अंग्रेजी शराब की बोतलें जब्त करने के साथ दो युवकों को भी हिरासत में लिया है।

*******************

पुणे में चल रहे 14वें हॉकी इंडिया सीनियर महिला नेशनल चौंपियनशिप में आज कांस्य पदक के लिए झारखंड का मुकाबला मध्य प्रदेश से होगा। यह मैच दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा । वहीं, फाइनल में हरियाणा और महाराष्ट्र की टीम आमने– सामने होगी। इससे पहले कल खेले गए सेमी फाइनल में झारखंड को हरियाणा से हार का सामना करना पड़ा था।

*******************

अब कुछ संक्षिपत खबरें

- एक्सएलआरआई, जमशेदपुर का 68वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर टाटा सन्स के चेयरमैन एन चंद्रशेखर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। दीक्षांत समारोह में पांच सौ बावन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।
- इग्नू ने जनवरी–2024 शैक्षणिक सत्र में नामांकन के लिए निबंधन की तारीख इकतीस मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। विद्यार्थी ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में निबंधन करा सकते हैं।
- सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल ने चतरा जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र स्थित केडिमो पुलिस पिकेट का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।
- लातेहार जिला के बरवाडीह थाना क्षेत्र स्थित केचकी संगम के समीप लूट की योजना बना रहे छह अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दो पिस्टल, दो देसी कट्टा और ग्यारह कारतूस समेत कई अन्य सामान बरामद हुए हैं।

*******समाप्त*******